पेपर - (IInd)
भाग - 'क'

Question:- शीत युद्ध क्या है ? इसके प्रमुख कारण व चरणों का वर्णन करो।

Answer:-
War (युद्ध) :- दो सेनाओं के सशस्त्र संघर्ष को War कहते हैं।

युद्धोत्तर काल में उत्पन्न हुए सामान्यतः तनाव विशेषतया अमेरिका तथा सोवियत संघ के बीच के तनाव की सामूहिक रूप को शीत युद्ध का नाम दिया गया।
दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद दोनों महाशक्तियों में अविश्वास की धारणा उत्पन्न हुई उसी अविश्वास की धारणा ने शीत युद्ध को जन्म दिया।

Cold War से तात्पर्य :- युद्ध ना होकर युद्ध की जैसी स्थितियाँ लगातार बनी रहीं उसे शीत युद्ध कहा जाता है जिसमें एक - दूसरे के प्रति राजनीतिक अविश्वास, जासूसी, षड़यंत्र, आलोचना, संघर्ष बना रहता है। अर्थात् स्थिति सामान्य नहीं रह पाती है।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में दो विरोधी शक्तियों ने इस युद्ध को जन्म दिया। पहला अमेरिका (USA) दूसरा USSR (यूनियन (Union) of Sovite Soslist Republic) (सोवियत संघ)
* शीत युद्ध को Proxy war भी कहा जाता है अर्थात् शीत युद्ध महाशक्तियों के मध्य ना होकर उनके Proxy (अनुयायी) के मध्य हुआ था।

शीत युद्ध शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग अमेरिकी राजनेता बर्नार्ड बारूच ने किया था।

(1933) USA – USSR 1922 निर्माण
क्यों
अपनी महाशक्ति बनी रहे या

परन्तु इसे लोकप्रिय वाल्टर लिपमैन ने बनाया था।

शीत युद्ध शब्द सोवियत संघ एवं अमेरिका के तनाव पूर्ण सम्बन्धों को बताने के लिए प्रयोग में लाया गया।

शीत युद्ध की प्रकृति :-

(i) शीत युद्ध में युद्ध की तरह तनाव और विरोध तो विद्यमान होते हैं परन्तु युद्ध से दूर रहने का प्रयास किया जाता है।

(ii) प्रत्येक राष्ट्र अपनी शक्ति और प्रभाव का विस्तार करना चाहता है।

(iii) शीत युद्ध में सम्बन्ध तनावपूर्ण व सिमित होते थे।

(iv) शीत युद्ध में राजनैतिक अविश्वास, जासूसी रहती थी।

(v) उसमें शस्त्रदौड़ से बाजार गर्म रहता था।

शीत युद्ध के कारण :

(i) परस्पर विरोधी विचारधारा

शीत युद्ध का प्रमुख एवं मुख्य कारण विरोधी विचारधारा को माना जाता है। यह विचारधारा और साम्यवादी विचारधारा है। पूंजीवादी विचारधारा का नेता अमेरिका USA तथा साम्यवादी का नेता सोवियत संघ (USSR) था। शीत युद्ध की वास्तविक शुरुआत 1917 से मानी जाती है जब रूस में लेनिन के नेतृत्व में बॉल्शेविक क्रांति हुई और अमेरिका द्वारा उस क्रांति का विरोध किया गया।

ये दोनों विचारधाराए एक - दूसरे को समाप्त करने पर बल देती है तथा शोषण का स्वरूप बताती है

(iii) परस्पर अविश्वास तथा भय :-

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद में इन दोनों महाशक्तियों में भय और अविश्वास प्रारम्भ हुआ तथा मतभेद शुरू हुए दोनों ने एक - दूसरे की आलोचना करना जारी रखा।

(iiii) चर्चिल का फुल्टन भाषण :-

5 मार्च 1946 को अपने लोकप्रिय फुल्टन भाषण में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चर्चिल ने साम्यवादी खतरे के प्रति आगाह किया। आयरन Curtain (लोहे का आवरण) की धारणा प्रस्तुत की अर्थात् उन्होंने बताया कि स्टैनिन क्षेत्र से लेकर एड्रियाई तक एक ऐसा लोहे का आवरण छा गया है जिसके दूसरे हिस्सों को देखा नहीं जा सकता है।

USSR शासक - स्टालिन

(iv) Mr. X का सिद्धान्त :-

केनन

जॉर्ज F. ~~कैनेडी~~ जो कि सोवियत संघ में अमेरिका का राजदूत थे जिन्होंने साम्यवादी खतरे के प्रति अमेरिका का आगाह करने के लिए एक Telegram (तार - पत्र) लिखा।

(v) अमेरिका की अलगाववाद की नीति का अंत :-

तत्कालीन सुधारतत्वों एवं अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका को मजबूत करने के लिए उसने अपनी अलगाववादी नीति का अन्त किया और अन्तर्राष्ट्रीय मामलों मे सक्रिय हुआ।

Nato - North Antlantic Trity Organisation

(vi) सोवियत संघ का बढ़ता विस्तार :-

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सोवियत संघ अपना विस्तार बढ़ा रहा था वह उन देशों में साम्यवादी क्रांति करता और उन्हें अपने गुट में शामिल करता।

17/09/22

शीत युद्ध के चरण :-

1. प्रथम चरण 1945 - 1961 कठोर
2. द्वितीय चरण 1961 - 1979
3. तृतीय चरण 1979 - 1985
4. चतुर्थ चरण 1985 - 1991

1. प्रथम चरण (1945 - 1961) कठोर शीत युद्ध :-

(i) True Man सिद्धान्त :- Mr. X के पत्र के बाद अमेरिका ने सोवियत संघ के विस्तार को रोकने के लिए ट्रू मैन सिद्धान्त दिया। यूनान, टर्की, ईरान आदि देशों को साम्यवादी खेमे में जाने से रोकने के लिए उन देशों को आर्थिक सहायता दी गई।

(ii) मार्शल योजना :- True man सिद्धान्त को विकसित रूप देने के लिए मार्शल योजना चलाई गई यह योजना पूरे यूरोप महाद्वीप के लिए थी। इसकी सहमति 1947 में बनी परन्तु लागू 1948 में हुई।

USSR ने अमेरिका की इन योजनाओं के विरोध में "मोलोतोव योजना" चलाई।

(margin: यूरोपियन पुनर्निर्माण / आर्थिक)

(iii) बर्लिन का विभाजन :- (margin: 1949 विभाजित)

बर्लिन जर्मनी की राजधानी थी। USSR द्वारा बर्लिन की नाकाबंदी

पू. जर्मनी — USA; प. जर्मनी — USSR; बर्लिन लाइन

फिदेल कास्त्रो - क्यूबा    जॉन F. कैनेडी - USA
निकिता ख्रुश्चेव - USSR

की गई थी। इस घटना ने शीत युद्ध को आमने-सामने ला दिया।

(iv) सैनिक संगठनों का निर्माण :-
अमेरिका ने अपने गुट को मजबूत करने के लिए एवं सुरक्षा करने के लिए नाटो
Nato - North Atlantic Treaty Organization
नॉर्थ अटलांटिक ट्रिटी ऑर्गनाइजेशन की स्थापना 1949 को हुई। वर्तमान सदस्य 30 हैं। USSR ने भी अपने सैनिक संगठन का निर्माण किया जिसे वारसा पैक्ट के नाम से जाना जाता है। इसकी स्थापना 1955 में हुई। 6 देश।

(v) कोरिया संकट (1950)
विचारधारा के आधार पर कोरिया दो भागों में बँट गया था उत्तरी कोरिया व दक्षिणी कोरिया।
उत्तरी कोरिया USSR से प्रभावित है। दक्षिणी कोरिया पूंजीवादी विचारधारा से प्रभावित है। दक्षिणी कोरिया पर आक्रमण कर दिया गया जिससे कोरिया संकट की शुरुआत हुई। UNO के माध्यम से 1953 में इस युद्ध को समाप्त करवाया।

10/01/22
1961 अमेरिका ने बेआफ पिग्स आक्रमण योजना बनाई असफल
(vi) क्यूबा मिसाइल संकट :- शीतयुद्ध का चरम बिन्दु
1961
1961 में USSR को चिंता हुई कि अमेरिका द्वारा शासित क्यूबा पर आक्रमण कर देगा व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो (क्यूबा के) का तख्तापलट हो जाएगा USSR क्यूबा को कूटनयिक व वित्तिय सहायता देता था नीकिता ख्रुश्चेव ने क्यूबा को रूस के सैनिक अड्डे में बदल दिया। 1962 में मिसाइल (परमाणु बम) तैनात कर दी और इस की खबर 3 weeks बाद USA को लगी जिससे वह

सीधा सम्पर्क - हॉट लाइन

घबरा गया। जॉन F. कैनेडी घबरा गया और आदेश दिया कि अमेरिकी जंगी बेड़ों को आगे करके क्यूबा की तरफ जाने वाली USSR की जहाजों को रोका जाए।

2. द्वितीय चरण 1961 - 1979 ( देतान्त का समय) 1961 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद अमेरिका और USSR के सम्बन्धों में परिवर्तन आया जहाँ महाशक्तियाँ पहले एक-दूसरे से युद्ध के लिए तैयार रहती थी, वहीं महाशक्तियाँ अब शान्ति व सहयोग की बात करती है। 1962 से 1979 के काल को देतान्त का समय कहा जाता है।

देतान्त से तात्पर्य - यह है कि युद्ध न करके शान्ति एवं समझौता किया जाए।

इस चरण में निम्नलिखित घटनाएँ घटी -

(i) अमेरिका और सोवियत सम्बन्धों में परिवर्तन :-

अब दोनों महाशक्तियाँ युद्ध न करके शान्ति की बात करती है। क्यूबा मिसाइल संकट ने यह महसूस करा दिया कि युद्ध से किसी को भी फ़ायदा नहीं होगा अतः दोनों के सम्बन्ध में परिवर्तन आया।

(ii) सम्मेलन एवं समझौते :-

देतान्त के दौरान दोनों महाशक्तियों के प्रतिनिधि एवं नेता आपस में मिलने लगे। जिससे समझौते एवं सम्मेलनों में वृद्धि हुई।

(A) 1963 का हॉटलाइन समझौता :-

दोनों महाशक्तियों के नेताओं से सीधा सम्पर्क।

(B) PTBT - 1963 'व्यापक प्रतिबन्ध परिक्षण संधि',
इस सन्धि में यह तय किया गया कि कोई भी देश महासागर, अन्तरिक्ष या धरती पर परमाणु परीक्षण नहीं करेगा।
यह सन्धि सर्वप्रथम 1963 में USSR, USA, फ्रांस, ब्रिटेन व इटली के मध्य की गई साथ ही परमाणु बम से सम्बन्धित एकमात्र सन्धि है जिस पर भारत ने भी हस्ताक्षर (नेहरू) किए।

लागू 1970

(C) NPT - 1968 :- 'परमाणु अप्रसार सन्धि'
इस सन्धि में यह कहा गया कि 1967 से पहले जिन देशों ने परमाणु हथियार बना लिए वो देश ही परमाणु हथियार रखेंगे तथा अन्य देश परमाणु हथियार नहीं रखेंगे। परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र अपनी परमाणु तकनीक किसी अन्य देश को हस्तान्तरित नहीं करेंगे।
भारत का मत - इस सन्धि पर भारत ने आज तक हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि भारत ने इस सन्धि को भेदभावपूर्ण कहा क्योंकि महाशक्तियों ने पहले ही परमाणु बम का आविष्कार कर लिया और अन्य देशों को पाने से रोकते हैं या तो ये देश अपने परमाणु हथियारों को समाप्त करे या फिर अन्य देशों को भी यह तकनीकी प्रदान करे।

3. तृतीय चरण 1979-1985 (New Cold War)

1979 में अफ़गानिस्तान में रूस के सैन्य हस्तक्षेप से नवशीत युद्ध की शुरुआत हुई। नवशीतयुद्ध शब्द ऐन्थैनी 'एथॉनी गिडिन्स' ने दिया।

नवशीतयुद्ध से तात्पर्य - दोनों महाशक्तियाँ देतान्त, शान्ति, समझौतों को छोड़कर एक-दूसरे के दुश्मन फिर से बन गये अर्थात् दोनों महाशक्तियों में तनाव की स्थिति फिर से आ गई। जिसे नवशीतयुद्ध कहा गया।

नवशीतयुद्ध के कारण व प्रमुख घटनाए :-

(i) अफगान संकट 1970 के दशक से पहले यहाँ पर राजतंत्र विद्यमान था परन्तु 1972 में साम्यवादी सरकार की स्थापना हुई। तथा इसके बाद 1979 में अफ़गानिस्तान में साम्यवादी सरकार का तख्तापलट हो गया और वहाँ पर पूंजीवादी सरकार स्थापित हो गई। इसके विरोध में USSR ने अफ़गानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप किया और इस हस्तक्षेप को रोकने के लिए USA भी अफ़. आ पहुंचा और दोनों महाशक्तियाँ आमने-सामने आ गयी जिससे नवशीत युद्ध की शुरुआत हो गई।

(ii) ईरान की इस्लामिक क्रान्ति :-

1979 में ईरान के अल्लाह-तुल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में इस्लामिक क्रांति हुई जिसमें इस्लाम के सम्पूर्ण रीति-रिवाजो को लागू करने का प्रयास किया गया जिसमें महिलाओं को गुलामी की दलदल में फिर से धकेल दिया।

अल्लाह तुला खुमैनी
USSR -1957 मे स्पुतनिक 2 का प्रक्षेपण
1958 USA ने एक्सप्लोरर 2

(iii) स्टार वॉर Star War Programme :-

तत्कालिन समय में अमेरिका के राष्ट्रपति रॉनाल्ड रीगन बने जो एक Scienctist थे, जिन्होंने अन्तरिक्ष में युद्ध की शुरूआत की इनके विपक्ष में USSR ने भी अन्तरिक्ष में अपनी सेनाए स्थापित करने का प्रयास किया इससे दोनों महाशक्तियाँ आमने - सामने आ गई।

4. चतुर्थ चरण (1985-1991) अंतिम चरण :-

शीत युद्ध का यह चरण 1985 में सोवियत संघ में मिखाइल गोरबाचोव के राष्ट्रपति बनने के साथ ही आरम्भ हुआ तथा सोवियत संघ के विघटन तक चला और अन्तरष्ट्रीय स्तर पर अफगानिस्तान से पीछा छुडाने के लिए साम्यवादी सरकार के आर्थिक व राजनीतिक सुधार आए

सोवियत संघ के दो सुधार थे जिनकी आरम्भ मिखाइल गोरबाचोव ने किया था जो निम्न रूप से है —

(i) परस्ट्रोईका :-

सोवियत संघ के दौरान सोवियत अर्थव्यवस्था भारी वित्तिय संकट के दौर से गुजर रही थी। 1980 के दशक में कृषि उत्पादन में कमी के कारण सुधार के लिए बाध्य होना पड़ा और इसे ही परस्ट्रोईका व ग्लासनॉट नाम दिया।

परस्ट्रोईका का अर्थ —

आर्थिक सुधारो का पुनः निर्माण। इसके अंतगर्त साम्यवादी दल का एकाधिकार समाप्त कर दिया गया। देश की संसद का चूनाव बहुदलीय प्रणाली के आधार पर करने का प्रावधान किया गया सभी सरकारी संस्थाओं को अपने उत्पादन खुले बाज़ार

फूकूयामा फ्रांसीसी ने पूंजीवादी व्यवस्था को सार्वभौम माना

में बेचने का अधिकार दिया गया तथा विदेशी को भी USSR की कम्पनियों को खरीदने के अधिकार दे दिए।

ग्लास्नॉट का अर्थ - राजनीतिक सुधार।
विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समाचार तथा मीडिया पर सरकारी नियंत्रण में ढीला तथा प्रकाशन आदि से सेंसरशिप की समाप्ती हुई।

(ii) पूर्वी यूरोप की क्रांति
1989 में USSR में पहली बार बहुदलीय प्रणाली के आधार पर चुनाव हुए जिसमें मीडिया ने मुक्त रूप से वाद-विवाद ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं पूर्वी यूरोप के देशों में सक्रिय आन्दोलन को प्रोत्साहन मिला उसके परिणाम से पूर्वी यूरोप में सत्ता का परिवर्तन भी हुआ जिसे पौलैंड कहा जाता है।
1989 में पॉलैण्ड में 42 वर्षों बाद पहली गैर साम्यवादी सरकार बनी। हंगरी ने आस्ट्रिया से सीमापार प्रतिबन्धों को भी समाप्त कर दिया।

→ बुल्गारिया व रोमानिया की भी सरकार गिर गई।
→ 3 Oct. 1990 में पूर्वी जर्मनी भी प. जर्मनी का भाग बन गई।

(iii) अन्तर्राष्ट्रीय समझौता :-
जहाँ रूस में ग्लास्नॉट और पेरेस्त्रोइका (पुनर्रचना) का संचालन हो रहा था वहीं 1986 में रेकजाविक में हुए शिखर सम्मेलन में रूस तथा अमेरिका ने अगले 5 वर्षों में अपनी 50% सेना को खत्म करने का निर्णय

लिया। अगले 10 वर्षों में भारी बैलास्टिक मिसाइलों को खत्म करने का निर्णय लिया।

→ 1987 में दोनों महाशक्तियों ने International Range Nuclear force treaty पर हस्ताक्षर किए जिसमें युद्ध क्षेत्र से सम्बन्धित परमाणु यंत्रों तथा यूरोपिय GLMC को समाप्त करने का निर्णय लिया।

मिखाइल गोर्बाचोव और अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने परमाणु साधनों को लेकर संधि हुई जिसमें 10 हजार वाहनों से घटाकर 600 वाहनों की अनुमति दी गई।

शीत युद्ध की समाप्ति :-

December, 1992 में अमेरिका व USSR के सर्वोच्च नेताओं के द्वारा माल्टा शिखर सम्मेलन में मिलना तथा शीत युद्ध को अधिकारिक रूप से अन्त करने की घोषणा की।

इस चरण की प्रमुख घटनाएँ USSR का विघटन करते हुए दर्शायी गयी है —

(i) यूरोप तथा केन्द्रीय एशिया के विभिन्न देशों की सीमाओं में परिवर्तन।
(ii) 24 नये राज्यों की स्थापना।
(iii) पूर्वी यूरोप के साम्यवादी देशों की क्रान्तियाँ
(iv) साम्यवादी शासन का अंत
(v) बर्लिन की दिवार का गिरना
(vi) पूर्वी जर्मनी का पश्चिमी जर्मनी में विलय
(vii) सोवियत संघ का विघटन

## शीत युद्ध का अंत :-

1989-90 में शीत युद्ध के मूल कारणों की समाप्ति हो गई। USA व USSR दोनों समझ गए कि विश्व के अधिकतर देश शान्ति ही चाहते है और यदि वे दोनों महाशक्तियों में से किसी एक गुट में सम्मिलित है।

→ अफ़गानिस्तान से सोवियत संघ सेनाए हटा ली गई और वारसपैक्ट भी समाप्त कर दिया।

→ 1990 तक सोवियत संघ ने शीत युद्ध की राजनीति का परित्याग कर दिया क्योंकि उस समय तक पूर्वी यूरोप में साम्यवादी सरकारों का पतन हो चुका था।

→ 1991 में USSR का विघटन हो गया व मिखाइल गोर्बाचोव के काल में शीत युद्ध समाप्त हो गया।

## शीत युद्ध का प्रभाव :-

विश्व राजनीति शीत-युद्ध ने अत्यधिक प्रभावित किया है, उसमें विश्व में भय और आतंक के वातावरण को जन्म दिया जिससे शस्त्रों की होड़ बढ़ी।

→ शीत युद्ध ने USA जैसी संस्था को पंगु बना दिया और विश्व को दो गुटो में विभाजित कर दिया।

* शीत युद्ध के प्रभाव निम्न रूप से देखा जा सकता है —

(i) विश्व का दो गुटों में विभाजन :-

शीत युद्ध के कारण विश्व राजनीति का स्वरूप द्विध्रुवीय बन

गया। USA व USSR दोनों महाशक्तियां प्रमुख रूप से गुटों के रूप में उभर कर सामने आई। USA ने Nato जैसे गुट का तथा USSR ने वारसा जैसे गुट का निर्माण किया।

(ii) आणविक युद्ध की सम्भावना का भयः-

1945 में आण्विक शस्त्रों का प्रयोग किया गया था। शीत युद्ध के वातावरण में यह महसूस किया जाने लगा कि ~~अगला~~ आगे युद्ध भयंकर आण्विक युद्ध की सम्भावना होगी ऐसी स्थिति क्यूबा के समय बनी।

(iii) UNO को पंगु करना :- USA + USSR

शीत युद्ध के कारण UNO जैसी विश्व संगठन के कार्यों में भी अवरोध उत्पन्न हुआ। महाशक्तियों के परम्परा विरोधी दृष्टिकोण के कारण संघ कोई कठोर कार्यवाही नहीं कर सका। UNO का मंच महाशक्तियों की राजनीति का एक अखाड़ा बन कर रह गया।

(iv) मानविय कल्याण के कार्यक्रमों की उपेक्षाः-

शीत युद्ध के कारण विश्व राजनीति का केन्द्रिय बिन्दु सुरक्षा की समस्या तक ही सीमित रह गया और मानव कल्याण से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण कार्यों का स्वरूप बिगड़ गया।

निष्कर्ष :-

Page No. ____ Date 23|09|22

# [ सोवियत संघ का विघटन ]

शीत युद्ध के बाद 1991 में कई कारणों से सोवियत संघ का विघटन हो गया जिनसे शीत युद्ध की समाप्ति को चिह्नित किया क्योंकि दो महाशक्तियों में से एक कमजोर पड़ गया था।

* USSR के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव को Cold War को समाप्त करने में उनकी भूमिका के लिए 1990 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

USSR के विघटन के प्रमुख कारण :-

① गोर्बाचेव की नीतियाँ :- गोर्बाचेव ने USSR को राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से बाहर निकलने के लिए दो पहलों की शुरुआत की। इन नीतियों को USSR के विघटन के प्रमुख कारणों में से एक माना है।

(i) ग्लास्नोस्त (खुलेपन की नीति)
(ii) पेरेस्त्रोइका (पुनर्रचना)

इन दोनों नीतियों के आर्थिक व राजनीतिक सुधार शुरू किए

② अमेरिका के साथ हथियारों की होड़ पर रोक लगाई।

③ USSR में कम्युनिस्ट पार्टी की निरंकुश शासन।

② एक दल का प्रभुत्व :-

USSR में एक ही दल कम्युनिस्ट पार्टी का वर्चस्व था। USSR की जनता की इच्छा को पूरा करने में असमर्थ थी कम्युनिस्ट पार्टी व अन्य गणराज्य के समूह में रूस का प्रभुत्व को देखकर जनता शोषित महसूस करने लगी।

③ साम्यवादी व्यवस्था का सत्तावादी होना :-

समाजवादी में जनता के अधिकार समाप्त कर दिए गए। निजी सम्पत्ति समाप्त कर दी गई और सारे अधिकार सरकार के पास आ गए सरकार जनता पर अपने निर्णयों को थोपने लगी इससे वह सत्तावादी हो गई। जनता में असंतोष बढ़ गया।

④ संसाधनों का प्रयोग सही न होना :-

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद लोगों का मानना है कि रूस का पूर्वी यूरोप पर प्रभुत्व हो गया था तो उन देशों पर अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए उसने धन का खर्चा अधिक किया और शस्त्रों पर खर्चा करने के कारण लोगों में की आकांक्षा पूरी न हो सकी।

⑤ पश्चिमी देशों की तुलना में सोवियत संघ का पिछड़ना :-

शीत युद्ध के दौरान यूरोप को दो भागों में बाँट बँट गया, यहां पर पूंजीवादी व्यवस्था विकसित हुई और तेजी से जनता की आवश्यकताएं व आकांक्षाएं पूर्ण हुई व देश का आर्थिक विकास हुआ जबकि रूस पिछड़ता ही गया और उसकी अर्थव्यवस्था डगमगा गई परिणामस्वरूप वहाँ की जनता पूंजीवाद की तरफ आकर्षित हुई।

(6) विचार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का न होना:- USSR के विघटन का एक कारण यह भी रहा है कि यहाँ लोकतंत्र का अभाव व जनता को अपने विचार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं थी।
जिस देश में जनता को खुल कर अपने विचार देने का अधिकार ना हो तो उस देश की जनता एकना एक दिन तो सरकार से परेशान होकर बगावत तो करेगी ही ना। जैसे USSR की जनता ने किया इस प्रकार विश्व में सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला देश का 1991 में विघटन हो गया।

सोवियत संघ के विघटन के बाद के प्रभाव

- → लोकतंत्र की सर्वव्यापकता
- → शीत युद्ध का अन्त
- → एक ध्रुवीय विश्व
- → रूस की भूमिका में परिवर्तन
- → परमाणु हथियारों सम्बन्धी चिंता
- → साम्यवाद का पराभव
- → विचारधाराओं के आधार पर राष्ट्रों का विभाजन अप्रासंगिक

(i) शीत युद्ध का अन्त:- साम्यवादी खेमे के विघटन ने शीत युद्ध को समाप्त कर दिया और तनाव रहित नई विश्व व्यवस्था का उदय हुआ जैसे यूरोप में लगभग आधी शताब्दी बाद शांति की स्थापना की है।

(ii) एक ध्रुवीय विश्व:- साम्यवादी गुट के बिखराव के बाद अमरीका विश्व की एकमात्र महाशक्ति रही। इसकी कोई देश बराबरी नहीं कर सकता था

उसके पास शस्त्रों की व परमाणु अस्त्रों के अलावा आर्थिक क्षमता भी अधिक थी।

(iii) रूस की भूमिका में परिवर्तन :-

साम्यवादी गुट के बिखराव से रूस का अन्तर्राष्ट्रीय वजन कम हुआ उसकी महाशक्ति की पदवी का पराभव हुआ। इसने रूस की बीमार व जर्जर होती अर्थव्यवस्था को उजागर कर दिया।

(iv) साम्यवाद का पराभव :-

साम्यवादी गुट के बिखराव से साम्यवाद का पराभव प्रारम्भ हुआ उसने लोकतांत्रिक केन्द्रीकरण, सर्वहारा वर्ग के अधिनायकवाद व अन्तर्राष्ट्रीय समाजवाद के सिद्धान्तो को दफनाया है। इसने यूरोप की साम्यवादी पार्टियों को समाजवादी पार्टियां और पीपुल्स डेमोक्रेसी को डेमोक्रेसी में बदलदिया

<u>निष्कर्ष</u> :-

USSR का विघटन 15 गणराज्यों में विघटित हुआ। साम्यवादी विचारधारा को लोग नापसंद करने लगे क्योंकि यह जनता की इच्छा को पूरी न कर सकी। अतः सभी लोग पूंजीवादी व्यवस्था की ओर आकर्षित होने लगे।

अंत मे 1991 में जनता कम्युनिस्ट पार्टी व सरकार के से परेशान होकर USSR का विघटन किया गया

## NAM

गुटनिरपेक्ष आन्दोलन से क्या तात्पर्य है वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता को समझाइए।
या असंलग्नता के प्रमुख तत्वों का वर्णन करो।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण दौर आया, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति और अधिक सक्रिय हो गई अर्थात् शीत युद्ध व गुटनिरपेक्ष आन्दोलन ने राजनीति को तेज कर दिया।

गुटनिरपेक्ष आन्दोलन कोई संयोगवश होने वाली घटना नहीं थी बल्कि यह तो एक सोची-समझी एक साजिश थी अर्थात् गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों नेमें अपने विवेक के आधार पर उस आन्दोलन को जन्म दिया
प्रारम्भ में(1961) जहाँ उसके सदस्यों की संख्या 25 थी वर्तमान में अब 120 हो गई है जो कि उस आन्दोलन की सफलता को व्यक्त करती है।

### गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का उदय :-

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद में अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन आये। सम्पूर्ण संसार दो भागों में बँट गया। एक भाग पूंजीवादी गुट कहलाया तथा दूसरा गुट साम्यवादी कहलाया। उसी समय साम्राज्यवाद व उपनिवेशवाद से मुक्त होकर एशिया, अफ्रीका व लैटिन अमेरिका के राष्ट्र स्वतंत्र हो रहे थे। इन राष्ट्रों के सामने मुख्य समस्या यह थी कि वे किस गुट में शामिल हो।
अतः इन राष्ट्रोंनेमें किसी भी गुट में ना जाकर

अपना स्वतंत्र अस्तित्व स्थापित किया उसी स्वतंत्र अस्तित्व को गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के 'नाम से जाना गया।

'गुटनिरपेक्ष' अर्थ व परिभाषा :-

गुटनिरपेक्ष एक नीति, विचारधारा व एक परिभाषा के रूप में व्यक्त हुआ है। सामान्यतया गुटनिरपेक्ष / गुटनिरपेक्षता का अर्थ है कि किसी भी गुट में शामिल नहीं होना और अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाये रखना।

आन्दोलन :-

विभिन्न लोगों द्वारा अपनी मांगों को लेकर हिंसक व अहिंसक तरिके से सक्रीय भूमिका अदा की जाती है वह आन्दोलन कहलाता है।

गुटनिरपेक्ष एक आन्दोलन :-

जिस प्रकार आन्दोलन में लोग अपनी मांगों को लेकर सक्रीय भूमिका निभाते हैं उसी प्रकार गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों द्वारा दोनों गुटों में शान्ति व्यवस्था स्थापित करने के लिए / संघर्ष समाप्त करने के लिए सक्रीय भूमिका निभाई। विभिन्न राष्ट्र लगातार इससे जुड़ रहे थे, ऐसा प्रतित हो रहा था कि जैसे की गुटनिरपेक्ष एक आन्दोलन है,

तटस्थता व गुटनिरपेक्षता में अन्तर :-

⇒ यह एक ऐसी नीति होती है जिसमें एक देश किसी भी अन्य देश से कोई भी सम्बन्ध नहीं रखता। दो देशों में यदि झगड़ा हो भी रहा हो तो वह सिर्फ झगड़ा देखता है उसे सुलझाता नहीं है।

गुटनिरपेक्षता → यह वह नीति है जो दोनों देशों या गुटों में शान्ति स्थापित करने का प्रयास करती है।

गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के उदय के कारण :-

(i) शीत युद्ध :-
द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दोनों महाशक्तियों USA व USSR के मध्य संबंधों में तनाव उत्पन्न हो गया था यह इस तनाव का मुख्य कारण विचारधारा, वर्चस्व को माना जाता है।
→ शीत युद्ध के कारण सम्पूर्ण विश्व दो गुटों में बँट गया था।

(ii) तृतीय विश्व के राष्ट्रों की सम्प्रभुता व अखण्डता की रक्षा के लिए उन्होंने किसी भी गुट में न जाने का फैसला लिया क्योंकि वे अगर किसी भी गुट में चले जाते तो गुट का स्वामी / नेता की बातें माननी पड़ती। इससे उनकी स्वतंत्रता व अखण्डता आहत होती।
ये राष्ट्र बड़ी मुश्किल से स्वतंत्र हुए थे ये फिर से गुलाम नहीं होना चाहते थे।

स्वतंत्र विदेश निती के संचालन की अभिलाषा

(iii) गुटनिरपेक्ष राष्ट्र अगर किसी गुट में शामिल हो जाते तो इससे तनाव में वृद्धि होती कमी नहीं।

(iv) सैनिक गुटों से पृथक रहने की नीति :-
अमेरिका → NATO (1949)

'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन'

USSR → वारसा (1955)

अफ्रीकी व एशियाई देश उपनिवेशों से मुक्त हो ही रहे थे या नये-2 राष्ट्र बने ही थे तो वे फिर से गुटों में शामिल नहीं होना चाहते थे

NOTE :- 1955 में बांडुंग सम्मेलन (इण्डोनेशिया) में गुटनिरपेक्षता की संकल्पना सामने आई, जो NAM की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है
स्थापना/शुरुआत 1961 के बेलग्रेड सम्मेलन से (25 देश)

NOTE * यह आन्दोलन भारत के प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू, मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति गमाल अब्दुल नासिर, युगोस्लाविया के राष्ट्रपति डा० सुकर्णो, घाना के क्वामे एन्क्रूमा, इण्डोनेशिया से टिटो का योगदान रहा।

वर्तमान में स्थिति -

यह संयुक्त राष्ट्र के बाद विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक समन्वय और परामर्श का मंच है। इस समूह में कुल सदस्य 120 विकासशील देश शामिल है। इसके अतिरिक्त NAM में 17 देशों व 10 अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों का पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।

## NAM के उद्देश्य :-

इस संगठन का उद्देश्य गुट-निरपेक्ष राष्ट्रों की राष्ट्रीय स्वतंत्रता, सार्वभौमिकता, क्षेत्रिय एकता व सुरक्षा को उनके साम्राज्यवाद, जातिवाद, रंगभेद, विदेशी आक्रमण, हस्तक्षेप, सैन्य अधिकरण आदि मामलों के विरुद्ध उनके युद्ध के दौरान सुनिश्चित करना है।

- अपनी सम्प्रभुता व अखण्डता की रक्षा करना।
- विश्व में शान्ति तथा देशों में मध्यस्था करवाना
- नव स्वतंत्र देशों को महाशक्तियों के दबाव से संरक्षण देना
- अन्तर्राष्ट्रीय संघर्ष को रोकना
- विदेशी मामलों में निर्णय लेने की स्वतंत्रता
- परमाणु हथियारों का विनाश या सीमित करना

## गुटनिरपेक्ष आन्दोलन और भारत :-

भारत गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का संस्थापक तथा इसके सबसे महत्वपूर्ण सदस्यों में से है तथा 1970 के दशक तक भारत ने इस आन्दोलन की बैठकों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया – किन्तु 1970 के दशक के बाद गुटनिरपेक्ष आन्दोलन में भारत की स्थिति बदलने लगी और सोवियत संघ की ओर भारत का झुकाव बढ़ने लगा जिससे NAM के उद्देश्यों को लेकर छोटे देशों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गई।

अंतत इससे गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की स्थिति कमजोर हुई और अधिकांश छोटे देश या तो USA की ओर या फिर USSR की ओर अग्रसर होने लगे

NAM के प्रति भारत के झुकाव में कमी के कारण
- संकट के समय इस आन्दोलन के सदस्य देश भारत को अपना समर्थन देने में विफल रहे। उदा. के लिए वर्ष 1962 के युद्ध में घाना, इण्डोनेशिया जैसे देशों में चीन समर्थक नीति का अनुसरण किया तथा सन् 1971 में इण्डो. व मिस्र ने पाक. का समर्थन किया।
- भारत एक परमाणु शक्ति सम्पन्न देश है वहीं गुटनिरपेक्षता आन्दोलन के प्राथमिक उद्देश्यों में परमाणु निरस्त्रीकरण की नीति शामिल थी।

NAM के सम्मेलन :-

| | | |
|---|---|---|
| यूगोस्लाविया | बेलग्रेड | 1961 |
| मिस्र | काहिरा | 1964 |
| जाम्बिया | लुसाका | 1970 |
| अल्जीरिया | अल्जीयर्स | 1973 |
| श्रीलंका | कोलम्बो | 1976 |
| क्यूबा | हवाना | 1979 |
| | नई दिल्ली | 1983 |
| जिम्बाब्वे | हरारे | 1986 |
| | बेलग्रेड | 1989 |
| इण्डो | जकार्ता | 1992 |
| कोलम्बिया | कार्टाजेना | 1995 |
| द. अफ्रीका | डरबन | 1998 |
| मलेशिया | कुआलालम्पुर | 2003 |
| क्यूबा | हवाना | 2006 |
| मिस्र | शर्म अलशेख | 2009 |
| ईरान | तेहरान | 2012 |

Page No.
Date

भारत की गुटनिरपेक्षता नीति के कारण :-

प्रो. M.S राजन के अनुसार -

- तनाव भड़काने की जगह तनाव कम करने की आवश्यकता
- अपनी एक अलग पहचान (राष्ट्रीय) बनाने की आवश्यकता
- अपनी सम्प्रभुता की रक्षा करना
- दोनों की गुटों में कमियाँ होना
- पारम्परिक धारणा, सहिष्णुता में विश्वास

गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की उपलब्धियाँ :-

- NAM ने देशों को स्वतंत्रता आन्दोलन में समर्थन किया
- साम्राज्यवाद व रंगभेद नीति का विरोध
- उत्तर - दक्षिण संवाद (विकसित व विकासशील देशों के बीच संवाद) तथा दक्षिण - दक्षिण संवाद (विकासशील देशों के बीच संवाद) पर बल दिया
- परमाणु भयमुक्त विश्व के निर्माण के लिए प्रयास किया व निःशस्त्रीकरण की अवधारणा को लोकप्रिय बनाया

वर्तमान में प्रासंगिकता :-

- उसका महत्व आज भी है क्योंकि जो लक्ष्य तीसरी दुनिया ने निर्धारित किया वे वो अभी तक प्राप्त नहीं हुए है उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यह आज भी बना हुआ है।

दरअसल जब तक राष्ट्र मौजूद है और उनकी स्वतंत्र विदेश नीति पर चलने की प्रतिबद्धता है तब तक NAM अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का एक स्थायी तत्व बन गया है।

NAM की आलोचना :-

भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति सिद्धान्तविहिन है क्योंकि भारत अपने राष्ट्रीय हितो को साधने के नाम पर प्रायः महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय मामलों पर कोई सुनिश्चित पक्ष लेने से बचता रहा ।

Question: संयुक्त राष्ट्र संघ पर एक लेख लिखिए।
अथवा UNO की महासभा व सुरक्षा परिषद् का वर्णन करो।
अथवा UNO की प्रासंगिकता का समझाइए।
अथवा सुरक्षा परिषद् में निषेधाधिकार को समझाइए (विटो) और भारत को सुरक्षा परिषद् की स्थायी सीट मिलने सम्बन्धित परिस्थितियों का वर्णन करो।

Answer :- संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) :-
UNO → United Nations Organisation :-
इसकी स्थापना 24 Oct. 1945 में की गई। UNO एक सार्वभौमिक अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था का उदा॰ है। अर्थात् अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में अराजकता की स्थिति रहती है। इस स्थिति में शान्ति व्यवस्था, सुरक्षा एवं राष्ट्रों के मध्य सहयोग स्थापित करने के लिए राष्ट्रों ने UNO की स्थापना की है।

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में 1st WW के बाद सार्वभौमिक व्यवस्था को लेकर एक संगठन बनाया गया जिसे 'राष्ट्र संघ' (Leauge of Nations) कहा जाता है। इसकी स्थापना 1920 में की गई। इसके प्रेरणास्रोत वुडरो विल्सन थे।

परन्तु राष्ट्र संघ 2nd WW को नहीं रोक पाया। जिसके निम्न कारण थे -

(i) 1930 की आर्थिक नीति
(ii) गुटबंदीकरण की राजनीति
(iii) 2nd W.W

(iv) हिटलर व मुसोलिनी की नीतियाँ ( वर्चस्व ) ( निरंकुशवादि

UNO 1945 में स्थापित एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है। वर्तमान में इसमें शामिल सदस्यों की संख्या 193 है।

इसका mission or work इसके चार्टर में नीहित उद्देश्यों और सिद्धान्तों द्वारा निर्देशित होता है तथा संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न अंगों व विशेष एजेंसियों द्वारा इन्हें कार्यान्वित किया जाता है।

अन्तर्राष्ट्रीय संगठन पर UN सम्मेलन (1945) यह सम्मेलन सेन फ्रांसिस्को (USA) में आयोजित किया गया इसमें 50 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया व UN चार्टर पर हस्ताक्षर किए।

NOTE

→ UNO के जन्मदाता अमेरिका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट है।

UNO के उद्देश्य :-

1. अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति
2. मानवाधिकारों का संरक्षण
3. सतत विकास को बढ़ावा देना
4. निशस्त्रीकरण को बढ़ावा

Principles of UNO :-

UNO व उसके सदस्यों को निम्न काम करना होता है —

- सभी सदस्यों की प्रभुसत्ता का सम्मान
- झगड़ों का निपटारा शान्ति पूर्वक
- जो देश इसके सदस्य नहीं है वह भी UNO के सिद्धान्तों का अनुसरण करे
- सभी सदस्य UNO को हर प्रकार से सहायता देगें।
- UNO किसी भी देश के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

Membership of UNO :- दो प्रकार से

(सदस्य) (i) वे सदस्य जो प्रारम्भ से UN में शामिल होगए थे

(ii) वे सदस्य जो UNO में बाद में शामिल हुए

→ इस प्रकार वे सभी राष्ट्र जो वर्तमान चार्टर में दिए गए ~~चार्टर~~ दायित्वों व नैतिक बन्धनों को मानते है वे शामिल हो सकते है UNO में।

*→ UNO में किसी देश को सदस्यता सुरक्षा परिषद की सिफारिश पर महासभा द्वारा दी जाती है तथा यदि को राष्ट्र UN के निर्देशों का बार -2 उल्लंघन करता है तो सुरक्षा परिषद की सिफारिश पर उसे महासभा से निकला जा सकता है।

वर्तमान में 193 राष्ट्र (193 वाँ राष्ट्र द. सूडान (2012)

## UNO के घटक / अंग




### (i) महासभा General Assembly :-

- महासभा UNO का महत्वपूर्ण अंग है
- इसे 'विश्व की संसद' भी कहते हैं।
- महासभा में UN के सभी 193 सदस्य राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व है।
- यह विचार - विमर्श, नीति निर्धारण जैसे कार्यों के लिए उत्तरदायी है
- प्रतिवर्ष sep. में सभी सदस्यों की बैठक न्यूयॉर्क के जनरल असेम्बली में की जाती है तथा सामान्य बहस करते हैं

- महासभा में महत्वपूर्ण प्रश्नों पर निर्णय लेने जैसे कि शांति व सुरक्षा, नए सदस्यों के प्रवेश तथा बजटीय मामलों के लिए 2/3 बहुमत की आवश्यकता होती है।

Page No.
Date

अध्यक्ष :- महासभा द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 वर्ष के लिए चुनते हैं

(iii) आर्थिक व सामाजिक परिषद :-
यह समन्वय, नीति समीक्षा आर्थिक सामाजिक व पर्यावरणीय मुद्दो पर तथा लोकोपकारी स्वरूप की समस्याओं को सुलझाने के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग प्राप्त करना व जाति, भाषा, लिंग तथा धर्म के उल्लेख बिना मानव के मूल अधिकारों तथा स्वतंत्रताओं के लिए लोगों में सम्मान की भावना पैदा करना इसका उद्देश्य रहा है।

(iv) न्यास परिषद :- Trusteeship Council :-
महासभा के सहायक अंग के रूप में यह असामरिक ट्रस्ट भूक्षेत्रों के प्रशासन का निरीक्षण। तथा सामरिक क्षेत्रों के मामलों में सुरक्षा समिति के सहायक अंग के रूप में कार्य करती है।
इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में है
→ यह किसी गरीब देश जो सभी तरह से पिछड़ा हुआ है उस को सभी तरह से सहायता उपलब्ध करवाती है और उसका विकास करने में सहायक होती है।

(v) सचिवालय :-
यह UN का मुख्यालय है जो UNO के अन्य संगठनों या एजेन्सियों द्वारा बनाए गए प्रोग्राम व नीतियों को प्रशासित व समन्वित करता है।
→ सचिवालय का प्रभारी होने के नाते महासचिव

का मुख्य कार्य UN के रिकार्ड रखना व उन कार्यों को करना जो चार्टर द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी अंग को न दिए गए हो

→ अप्रैल व जुलाई में दो बैठक होती है।
→ इसका कार्यकाल 5 वर्ष होता है।

(vi) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय International Court of Justice :-

नीदरलैण्ड → हेग में मुख्यालय

यह UNO के सदस्यों को पूरी आजादी देता है कि वह अपने झगड़ों का निपटारा न्यायालय के अतिरिक्त दूसरी अदालतों में कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें एक समझौता करना पड़ेगा।

→ सदस्य देशों को अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की उन विषयों पर निर्णयों को, जिनमें वे स्वयं भी शामिल होते हैं मानने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में नई सदस्यता के लिए निम्न शर्तों को पालन होता है -

(A) संविधान तथा न्यायालय के सम्बन्ध में दूसरे प्रतिबन्धों को स्वीकार करना।

(B) महासभा द्वारा अनुमानित व्यय में अपना योगदान देना।

कुल न्यायाधीश → 15

न्यायाधीशों का कार्यकाल - 9 वर्ष (3 वर्ष के बाद 5 (1/3) न्यायाधीश सेवानिवृत्त हो जाते हैं

India से जस्टिस दलवीर भंडारी वर्तमान में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश है।

Most • (ii) सुरक्षा परिषद्
यह UN की कार्यकारिणी समिति है जिसके कंधे पर अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एवं सुरक्षा को बनाए रखने का उत्तरदायित्व है।

सुरक्षा परिषद् पर का गठन :-
सुरक्षा परिषद् में UN के 15 सदस्य हैं -

5 स्थायी
→ अमेरिका
→ ब्रिटेन (इंग्लैंड)
→ फ्रांस
→ रूस
→ चीन

10 अस्थायी
महासभा द्वारा 2 वर्ष के लिए चुने गए सदस्य देश।

अस्थायी सदस्यों का चुनाव कैसे ? -
- महासभा की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ताकि सुरक्षा समिति में सभी क्षेत्रों को विश्वव्यापी प्रतिनिधित्व मिल सके।
- महासभा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा में उस राष्ट्र का योगदान को देखती है

* सुरक्षा परिषद् के कार्य एवं शक्तियाँ :-
- अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा से सम्बन्धित निर्णय लेने की शक्तियाँ।
- अपने निर्णयों के निशस्त्र क्रियान्वयन की शक्तियाँ
- नए सदस्य, महासचिव व अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधिश के चुनाव की शक्तियाँ।
- विवादों का शान्तिपूर्ण निपटारा।

## सुरक्षा परिषद् में परिवर्तन की आवश्यकता क्यों?

- UNO की स्थापना 1945 में की भू-राजनीति के हिसाब से हुई थी लेकिन वर्तमान में 2nd (युद्ध) की पृष्ठभूमि से काफी अलग पृष्ठभूमि है।

- वर्तमान में UNSC के 5 देशों में यूरोप का सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व है जबकि यहाँ विश्व की कुल आबादी का 5% ही निवास करती है।
- अफ्रीका और द० अमेरिका महाद्वीप का कोई भी देश सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य नहीं है जबकि UN का 50% से अधिक कार्य अकेले अफ्रीकी देशों से ही सम्बन्धित है।

- शांति स्थापित करने वाले अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देश जैसे भारत व अन्य देशों के पक्ष को P5 द्वारा नज़रअंदाज कर दिया जाता है।

## भारत सुरक्षा परिषद् का दावेदार क्यों? -

(i) भारत दुनिया का दूसरा सबसे अधिक जन० वाला देश है। विश्व की कुल जन. का 1/5 वां हिस्सा भारत में निवास करता है।
(ii) भारत UN की सेना में सबसे ज्यादा सैनिक भेजने वाला देश है।
(iii) भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शान्ति को बढ़ावा देने वाली रही है।

uddha:- भारत द्वारा किया गया प्रथम सफल परमाणु परीक्षण
... परीक्षण 18 may 1974 को प्रधानमंत्री इन्दिरा

... है जो एक

- भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है।
- भारत ने अन्य देशों को भी UNO में सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया
- भारत एक लोकतांत्रिक देश है यह बात UNO में भी है कि लोकतांत्रिक देश होना चाहिए।
- WHO में भारत का सबसे बड़ा योगदान रहा जैसे पोलियो, वैक्सीन व मलेरिया

## Why India should not Permanent Member:-

① NPT (1968) नाभिकिय प्रसार संधि
UNO ने नियम बनाया था कि 1968 के बाद परमाणु हथियार नहीं रखेंगे। लेकिन भारत ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए।
No 1st use, only Retaliate → जवाब में जवाब देना

② CTBT (1996):-
बड़े ~~पम~~ परमाणु ~~बम्म~~ बम पर कोई परीक्षण नहीं करेगा भारत ने underground परमाणु परीक्षण किया क्योंकि UNO के नियम में केवल वायु, भूमि व जल में परमाणु परीक्षण ना करने का नियम था ना कि भूमिगत।

③ J & K (1950) → पाक मना करता है veto के लिए
↳ UNO ने Dixon Commision आयोग का गठन किया और इसने जाँच करने के बाद कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय मामला नहीं है, यह घरेलू मामला है।

④ बजट :- कम

MTCR

# G4 (2005) for Permanent seat (Veto)

| | विरोध |
|---|---|
| ① India | UK, China |
| ② Japan | Russia and China |
| ③ Germany | Russia & China |
| ④ Brazil | USA (थोड़ा विरोधी) |

[मॉडलस्की]

# India's Foreign Policy

## भारत व उसके सम्बन्ध

पड़ौसी राज्य
- → पाकिस्तान
- → नेपाल
- → भूटान
- → बांग्लादेश
- → श्रीलंका
- → अफ़गानिस्तान

दूरस्थ / बाह्य राज्य
- → USA
- → ~~US~~ रूस
- → चीन

## भारत की विदेश नीति :-

विदेश नीति :- अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के निर्वाह के लिए एक देश द्वारा कुछ नियम, सिद्धान्त व कुछ उद्देश्य निर्धारित किए जाते है। वे सिद्धान्त विदेश नीति कहलाते है।
विदेश नीति का मुख्य आधार – राष्ट्रीय हित है।
प्रत्येक राष्ट्र अपनी विदेश नीति का निर्माण कई आधारों पर करते है।

## विदेश नीति को निर्धारित करने वाले कारक :-

① भौगोलिक कारक :-
- → क्षेत्रफल अधिक → वर्चस्व रहेगा।
- → जनसंख्या अधिक → वर्चस्व कम वाले पर
- → संसाधन तेल कोयला आदि अधिक → वर्चस्व
- → अवस्थिति LandLock देशो पर दूसरे देशो का वर्चस्व

(2) विचारधारा :-
- → पूंजीवादी
- → साम्यवादी
- → मिश्रित

(3) शासन प्रणाली :-
- → लोकतंत्र → भारत
- ब्रिटेन → राजतंत्र →
- उत्तरी कोरिया चीन → तानाशाही →

(4) क्षेत्र :- जैसे



भारत व श्रीलंका के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना पड़ेगा। क्योंकि तमिलनाडु में तमिल व श्रीलंका के तमिल लोग भावनात्मक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं यदि श्रीलंका की सरकार तमिलों के खिलाफ कार्यवाही करती है तो उससे भारतीय नाराज होंगे और दंगे शुरू हो जाएंगे।
इसी तरह UP व बिहार के लोग मदेशी (नेपाल के तराई क्षेत्र में रहने वाले भारतीय लोग) का संबंध भी ऐसा ही है। प० बंगाल + बांग्लादेश।

(5) नेतृत्व :- भारत एक लम्बे उपनिवेशवाद व साम्राज्यवादी शक्तियों से आजाद हुआ। भारत 1947 में आजाद होने के बाद आर्थिक स्थिति अच्छी न थी और उस समय दुनिया USA व USSR के गुटों में थी (पूंजीवादी + साम्यवादी) परन्तु भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाई और भारत ने उन देशों से संबंध स्थापित किया जिनसे उसे आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा था जैसे अरब देश

Page No. ____ Date ____

## 6. परम्पराए या समाज व संस्कृति :-



विदेश नीति को निर्धारित करने मे सांस्कृतिक तथा परम्पराओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

सभी देश अपनी परम्पराए सामाजिक आदर्शों तथा मूल्यों को ध्यान में रखकर विदेश नीति का निर्माण करते है।

जैसे India व Nepal के सीमावर्ती क्षेत्र India के द. भाग में तमिलनाडु के तमिल लोग तथा श्रीलंका के उ. भाग में तमिल लोगों की परम्पराए व संस्कृति समान है अतः उन पर

## विदेश नीति के प्रकार :-

**Permanent**
- → शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व
- → रंगभेद का विरोध
- → गुटनिरपेक्षता
- → उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद का विरोध
- → निःशस्त्रीकरण का पालन
- → UNO में आस्था
- → पंचशील सिद्धान्त

**Situation** (परिस्थिति अनुसार)
- → Look East
  - ↳ (Act East)
- → समझौता एक्सप्रेस
- → गुजराल सिद्धान्त
- → Look West Policy
- → Blue Eco. Policy
- → Act with ASEAN
- → Center Policy
- → गुटनिरपेक्षता 2.0

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 क में इसका वर्णन किया गया है।

(i) शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व की नीति :-
भारत ने अपनी विदेश नीति में शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व की नीति को अपनाया है अर्थात भारत अन्य देशों के साथ शान्तिपूर्ण संबंध बनायेगा।
भारत की विदेश नीति अहिंसा के भी विचार का समर्थन करती है। वह 'जीओ और जीने दो सिद्धान्त' की पालना करती है

(ii) रंगभेद का विरोध :-
विश्व में नस्ल या मनुष्य के रंग के आधार पर भेदभाव का विरोध हमारे देश की विदेश नीति की विशेषता रही है।

(iii) गुटनिरपेक्षता :-
भारत विदेश नीति में गुटनिरपेक्षता की नीति को अपनाता है अर्थात भारत किसी भी गुट में शामिल नहीं है वह एक स्वतंत्र रूप से रहता है। इस नीति का अनुसरण करने वाले लोग विश्व शान्ति (देश) विश्व की गुटबाजी की राजनीति के विलग्न रहने को प्राथमिकता देते हैं किन्तु विश्व शान्ति व सुरक्षा के मुद्दों पर UNO को भरपूर सहायता प्रदान करते हैं

(iv) उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद का विरोध :-
भारत उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद का दंश भोग चुका है।

(v) निःशस्त्रीकरण का पालन करना :-
भारत विदेश नीति में निःशस्त्रीकरण पर बल देता है और उसका बेखूबी से पालन करता है।

(vi) पंचशील समझौता :-
यह समझौता भारत के प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू तथा चीन के राष्ट्रपति चाऊ एन लाई के मध्य 29 अप्रैल 1952 को हुआ इसके नियम / शर्तें थी –

- एक दूसरे के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप नही करेंगे
- अनाक्रमण
- समानता
- शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व
- एक-दूसरे देश की अखंडता व सर्वोच्च सत्ता के लिए पारस्परिक सम्मान की भावना।

(vii) UNO में आस्था :-
भारत की विदेश नीति पूर्ण रूप से UNO में आस्था रखता है। भारत UNO के नियम तथा सिद्धान्तों की पालना करता है।

② Situation परिस्थिति अनुसार
वह विदेश नीति जो किसी देश के द्वारा परिस्थिति को देखकर अपना ली जाती है जैसे कुछ उदा० निम्न है –

(i) Look East Policy :-
Look East Policy अर्थात पूर्व की ओर देखो नीति दक्षिणी-पूर्वी एशिया के

राष्ट्रों के साथ व्यापक आर्थिक व रणनीतिक संबंधों को विकसित करने का एक मजबूत प्रयास है
Nov. 2014 में इसका नाम बदलकर Act East Policy कर दिया गया

(ii) Look West Policy :- भारत के लिए अर्थव्यवस्था में पश्चिमी एशिया के देश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है यहाँ से भारत तेल प्राप्त करता है और अधिकांश भारतीय रोजगार प्राप्त करने हेतु इन अरब देशों में निवासित है।

(iii) गुजराल सिद्धान्त :-
